आज का सुविचार
हमेशा जिंदगी में ऐसे लोगों को पसंद करो जिनका दिल चेहरे से ज्यादा खूबसूरत हो

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 30 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 30 अगस्त 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## MADHYA PRADESH में अनुसूचित जनजाति वर्ग के सदस्यों की भूमि खरीदने के क्या नियम है, जानिए

यह तो सभी आम लोग जानते हैं कि किसी आदिवासी की जमीन खरीदने से पहले हमें जिला कलेक्टर लेवल के अधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक है वरना हमारे द्वारा ली गई जमीन अवैध खरीदी के अंतर्गत आती है। आज हम आपको इसकी सम्पूर्ण जानकारी कानूनी भाषा में देगे जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 165 की उपधारा 06 की परिभाषा**

कोई भी गैर आदिवासी व्यक्ति किसी भी आदिवासी समुदाय की जमीन को खरीदने से पहले कलेक्टर की अनुमति लेगा। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो उसके द्वारा किया गया नामांतरण अवैध मना जाएगा।

अगर कलेक्टर को लगता है कि किसी आदिवासी ने अपनी जमीन बिना उसकी अनुमति के बेच दी है तब कलेक्टर स्वयं के विवेक ऐसी नामांतरण संपति की जाँच तीन वर्ष के भीतर कर सकता है जाँच की सुनवाई के समय कलेक्टर दोनो पक्षो को सुनेगा (धारा 165 उपधारा 06 (ख)।

जाँच में कलेक्टर सबसे पहले यह देखेगा कि जिस व्यक्ति की संपत्ति नामांतरण की गई है वह आदिवासी समुदाय का है या नहीं, या आदिवासी को दिया गया प्रतिफल पर्याप्त है या नही, या आदिवासी से जमीन झूठ बोलकर, बेईमानी, या कपट द्वारा तो नामांतरण तो नहीं की गई है।

**नोट**- मध्यप्रदेश भू-संहिता आदिवासी जमीन में पट्टा नहीं आता है।

## अजा-जजा को तंग करने झूठी शिकायत-कार्रवाई करने वाले के खिलाफ किस धारा के तहत मामला दर्ज होगा- SC-ST (Prevention of Atrocities) Act,1989

बहुत से ऐसे अपराध होते हैं जिसमे एक आरोपी व्यक्ति अपराध से बचने के लिए क्रॉस स्नह्वक्र दर्ज करवाते हैं लेकिन अगर कोई व्यक्ति द्वेषपूर्ण भावना (बदले की भावना) से किसी व्यक्ति को तंग करता है तब यह भारतीय दंड संहिता में एक कम गंभीर अपराध हो सकता है लेकिन अगर यही अपराध विशेष विधि से संरक्षण प्राप्त व्यक्ति पर किया जाता है तब यह अपराध संज्ञेय होगा। अर्थात कोई अनुसूचित जाति वर्ग का व्यक्ति किसी सामान्य वर्ग के अधिकारी के भ्रष्टाचार की शिकायत संबंधित अधिकारी से करता है और वह भ्रष्ट अधिकारी उस शिकायत के बाद अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति को तंग करने के लिए झूठा वाद दायर करे या बदले की भावना से कोई दाण्डिक या अन्य कार्यवाहियों उस पर संस्थित करता है तब यह विशेष विधि के अंतर्गत एक अपराध होगा जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

### अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(viii) एवं 3(i×) की परिभाषा-

1. कोई व्यक्ति जो अनुसूचित जाति, जनजाति का सदस्य नहीं है वह किसी अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्य के विरुद्ध झूठा वाद, द्वेषपूर्ण वाद या तंग करने वाला कोई वाद या कोई दाण्डिक या अन्य कार्यवाही द्वेषपूर्ण भावना से संस्थित करेगा वह व्यक्ति अधिनियम की धारा 3 (viii) अर्थात धारा 3(त) के अंतर्गत अपराधी होगा।

2. कोई व्यक्ति किसी लोक सेवक को झूठी किसी अपराध करने की जानकारी देगा और लोक सेवक अपने पद का गलत प्रयोग करके अनुसूचित जाति, जनजाति के ऊपर अपनी विधिपूर्वक शक्ति का प्रयोग करता है जिसे ऐसे विशेष वर्ग के व्यक्ति को किसी भी प्रकार की क्षति होने की संभावना हो या उसकी परेशानी (व्याकुलता) बढ़ाएगा तब ऐसा लोक सेवक अधिनियम की धारा 3(i×) अर्थात धारा 3(थ) का अपराधी होगा।

**सजा**- उपर्युक्त अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होंगे इन अपराध की सुनवाई विशेष न्यायालय में की जाती है। इन अपराधों के लिए कम से कम छः माह एवं अधिक से अधिक पाँच वर्ष की सजा और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना से होने वाली सिंचाई का रकबा बढ़ाने पर सैद्धांतिक स्वीकृति

### दौधन बांध एवं लिंक नहर के भू-अर्जन एवं पुनर्विस्थापन हेतु 1150 करोड़ रुपए शीघ्र होंगे जारी

- कान्ह और गंभीर नदियों को जोड़ने के प्रस्ताव पर विचार
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव की केंद्रीय जलशक्ति मंत्री श्री पाटिल से भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में नदी जोड़ो परियोजनाओं, विशेषकर केन-बेतवा लिंक परियोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री पाटिल को बताया कि मध्यप्रदेश राज्य नदी-जोड़ो अभियान में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश संयुक्त रूप से महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम कर रहे हैं, जो विश्व में अपने प्रकार की अद्वितीय परियोजना है। मध्यप्रदेश में इस परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र के 10 जिलों को सिंचाई और पेयजल आपूर्ति की सुविधा प्राप्त होगी। बुंदेलखंड एक ऐसा क्षेत्र है जिसने कभी भी अपनी संप्रभुता दिल्ली सल्तनत अथवा मुगल शासकों के अधीन नहीं की परंतु पानी के अभाव में दुर्भाग्यवश यह क्षेत्र संसाधनहीन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा परियोजना के माध्यम से इस क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री ने राज्य को दौधन बांध एवं लिंक नहर के भू-अर्जन एवं पुनर्विस्थापन के लिये केन्द्र से प्राप्त होने वाली शेष 1150 करोड़ रूपए की राशि शीघ्र जारी करवाने को आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुरोध किया कि स्वीकृत केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत वर्तमान में प्रावधानित दमोह- पन्ना उद्वहन सिंचाई योजना से 90,100 हैक्टेयर सिंचाई के स्थान पर लगभग 2,50,000 हैक्टेयर की मध्यप्रदेश की पत्ने एवं ब्यरमा सिंचाई परियोजना को शामिल किया जाना उचित होगा। इस संबंध में संशोधित डीपीआर राज्य शासन द्वारा भेजी जा रही है, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजस्थान के साथ भारत सरकार द्वारा स्वीकृत 70,000 करोड़ रुपए की पार्वती-कालीसिंध चंबल परियोजना के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जो समीपवर्ती राज्यों के साथ नदियां जोड़ने के अलावा अन्तर्राज्यीय नदियों को जोड़ने पर भी विचार कर रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि कान्ह और गंभीर नदियों को जोड़ने का प्रारंभिक तौर पर प्रस्ताव बनाया जा रहा है, जिसे केंद्रीय मंत्री ने सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है।

## जेसी मिल श्रमिकों के भुगतान की घोषणा पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जताया आभार

**भोपाल।** ग्वालियर जेसी मिल के श्रमिकों की लम्बित देनदारियों के भुगतान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई घोषणा तथा रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव के जरिए ग्वालियर-चम्बल अंचल को मिले करोडो के निवेश प्रस्ताव के लिए ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने केन्द्रीय नेतृत्व और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर जेसी मिल बन्द होने के बाद से ही इसमें कार्यरत रहे श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान को लेकर लम्बे समय से संघर्ष चल रहा था। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस मुद्दे को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष रखा और समाधान का आग्रह किया था।

**रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की सफलता पर दिया धन्यवाद**

बुधवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दौरान मंच से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की थी कि जेसी मिल के श्रमिकों की लम्बित देनदारियों का भुगतान इन्दौर की हुकुमचंद मिल की तर्ज पर जल्द से जल्द राज्य सरकार करेगी।

## जल जीवन मिशन के कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें : मंत्री श्रीमती उइके

भोपाल। जल जीवन मिशन के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाये। अधिकारी मैदानी स्तर पर लगातार भ्रमण करते हुए कार्यों की मॉनिटरिंग करें। योजनावार कार्यों की साप्ताहिक एवं मासिक स्तर पर संभाग एवं राज्य स्तर से नियमित समीक्षा की जाये। यह निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने आज रेसीडेंसी कोठी में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभागीय अधिकरियों की बैठक में दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत इंदौर और उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों में योजनाओं की समीक्षा की तथा यह निर्देश दिये कि पीएचई एवं जल निगम के अधिकारी मैदानी स्तर पर बेहतर समन्वय करते हुए कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करें।

# दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत मिले लाभ : राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा है कि कोई भी दिव्यांगजन शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे इन्हें शत प्रतिशत हर योजना का लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने यह बात कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में आयोजित दिव्यांग जनो की एडव्होकेसी बैठक के दौरान कहा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह के मुख्य अतिथि में एवं सांसद सीधी सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्रा के अध्यक्षता में एवं आयुक्त निःशक्त जन कल्याण मध्यप्रदेश संदीप रजक सहित जिले के अधिकारी उपस्थित थे। राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा एक सच्चे भावना के साथ करे। उन्होंने राज्य सरकार की संचालित



योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने डीडीआरसी केन्द्र के संचालक एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि इन्हे जो भी उपकरण दिया जाये वो उच्च गुणवत्ता के होना चाहिए। राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने दिव्यांगों को ट्राईसिकिल एवं श्रवण यंत्र वितरित किये। आयुक्त निःशक्त जन कल्याण मध्यप्रदेश संदीप रजक ने कहा कि दिव्यांग जनो के हितार्थ शासन द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिले के शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों को चिन्हांकित कर लाभ देवे। उन्होंने कहा कि पूर्व में केवल सात प्रकार की अच्छमता को ही दिव्यांगता में शामिल किया गया था। लेकिन अब मेडिकल शारिरिक अंक्षमताओं को मिलाकर कुल 21 प्रकार की डिसेबिलिटी को दिव्यांगता में शामिल किया गया है। जिसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे लोगों में जागरूकता आये। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों ग्राम पंचायतो नगरीय निकायों चिकित्सालयों शैक्षणिक संस्थाओं में बोर्ड लगाकर प्रचार प्रसार कराये इसके साथ ही पुलिस कर्मियों को भी उक्त के विषय में जागरूक कर उनके संवेदीकरण की आवश्यकता है।

# आजादी का अमृत महोत्सव : एक समीक्षा

## क्या हम विश्वगुरू बनने की दिशा में अग्रसर हो रहे ?

सर्वप्रथम मेरे प्रिय भारतवर्ष के मेरे माता-पिता तुल्य बड़ों - बुजुर्गों, कर्णधार नौजवान साथियों और भावी भविष्य बच्चों सहित समस्त भारतवासियों को आज़ादी के इस अमृत महोत्सव की औपचारिक, हां औपचारिक बधाई एवं शुभकामनाएं ! अब मेरा यह औपचारिक शब्द भी आपको अवश्य ही अटपटा लगा होगा। लेकिन मैं इसे औपचारिक ही कहूंगी क्योंकि आजादी के सतहतर सालों में भी हम असली आज़ादी का आभास अभी तक बिल्कुल भी नहीं कर पाए। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व तो सिर्फ किताबों में ही छपे रहे किंतु धरातल पर तो संप्रदायवाद, जातिवाद, वंशवाद, असमानता, वैमनस्यता, भ्रष्टाचार, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई ही तांडव कर उत्पात मचाते रहे !

लोक का अर्थ जनता और तंत्र का अभिप्राय शासन इसप्रकार लोकतंत्र का मतलब जनता का शासन लेकिन जनता ने जिनको प्रतिनिधि चुना वे तो स्वयं शोषक बन गए और जनता को शोषित बना दिए ! मानो अंग्रेज ही भारत में अपने उत्तराधिकारी छोड़ गए !

**दशकों से सबने बारी** - बारी राज किया और पूंजीपतियों को पाल-पोसकर बड़े किए और दुर्बल को दबा करके गरीबी में आटा गिला करते गए। कालाधन की वापसी और भ्रष्टाचार, महंगाई कम करने, प्रतिवर्ष दो लाख रोजगार और पंद्रह लाख जैसे झूठे जुमले वादों से सत्ता को ये पा जाते परंतु सत्ता पाते ही ये उसके नशे में डूब करके और अहंकार में मदमस्त होकर निरंकुश तानाशाह बन जाते। कुल मिलाकर सत्ता में आने के लिए विकास का एजेंडा बताते और सत्ता पाते ही एजेंडे के विकास में लग जाते !

चार साल पहले भी जब सबका पालनहारा अन्नदाता उसके खिलाफ जबरदस्ती थोपे काले कानूनों के विरोध और फसल के लाभकारी मूल्य के हक में कानून के लिए दिल्ली की सड़कों पर संघर्ष कर रहे थे, तब कील - कंटीले तारों, ठंडे पानी की बौछारों और आंसू गैस के गोलों से अवरोध उत्पन्न किया था और तेरह महिनों तक सरकार के कानों जूं न रेंगी थी। उन्हें खालिस्तानी, आतंकवादी, देशद्रोही आदि कहकर बदनाम किए। तडीपार गृह राज्यमंत्री के नालायक बेटे से ये लखीमपुर में किसानों को कार से कुचलवाएं। और आखिर पांच राज्यों के चुनाव से पहले चालाकी से तपस्या में कमी बता करके और काले कानून वापसी का औपचारिक ऐलान करके और एमएसपी कमेटी की लॉलीपॉप दे करके आंदोलन को स्थगित करवा दिए।

बंगाल चुनाव पूर्व स्थिर हुए बढते पेट्रोल - डीजल के दाम को जब तक यूपी चुनाव न आए, तब तक तूफानी रफ्तार से अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के हवाले शतक पार करवाते गए और ठीक चुनाव के पहले ये एक्साइज को घटा करके जनता को झांसे में डाल दिए।

कोरोना में भी ये दिनभर चुनाव प्रचार और रैलियां किए और शाम को कोरोना नियमों पर भाषण दे करके सख्ती किए। इन्होंने स्कूलों को तो बंद करवाए और ठेकों को खुलवाए !

कोरोना काल में बुनियादी सुविधाभाव और प्रशासन कुप्रबंधन से गंगा में भी लाशें तरें परंतु ये संसद में बताए कि ऑक्सीजन से कोई नहीं मरें।

**खुद विदेशी शूट**- बूट पहन के आत्मनिर्भरता के नारे लगवाएं। शिक्षा को महंगी किए और फिल्मों को टैक्स फ्री किए ! साथ ही नेताओं का वेतन बढ़ाएं और पूंजीपतियों और डिफाल्टरों का लोन माफ़ किए और विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी जैसे लुटेरों को विदेश भगाएं। ये अपने बच्चों को भी विदेश में पढ़ाए पर जनता को हिन्दू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद और श्मशान-कब्रस्तान में उलझाए और नौकरी-रोजगार मांगने वालों पे लाठी-डंडे बरसाएं।

इसलिए आजकल हालात ये हैं कि सरकारी नौकरी के लिए उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले प्राईवेट जॉब का जुगाड ढूंढ रहे ! प्राइवेट जॉब से छंटनी हुए व्यापार में भाग्य आजमा रहे और व्यापारी मंदी की मार से तंग आकर व्यापार छोड़ खेती का रूख कर रहे और खेती करने वाले बंदे फांसी के फंदे झूल रहे ! अब सिर्फ दो तरह के धंधे कमाई व बचत में तो राम जाने परंतु दुकानों की संख्या में, अवश्य फल-फूल रहे ! एक तो चाय जो मोदीजी बचपन में बेच करके प्रधानमंत्री जो बने और दूसरे भी सभी कम से कम नगरसेवक या फिर वार्डपंच बनने की आस में कर रहे हो।

और दूसरा व्यवसाय जो है, वह हैट्ठ पकौड़े तलने का, जिसे कुछ समय पूर्व ही मोदीजी ने राष्ट्रीय रोजगार घोषित जो किया था। वैसे आजकल खाद्य तेल और रसोई गैस के सिलेंडर के दाम बेतहाशा बढ़ने से पकौड़े तलने वालों का ही तेल निकलने लगा है !

**कुछ और महान कार्य बड़े जोर** - शोर से चल रहेट्ठनाम बदलो, निजीकरण करो। सिर्फ़ चार लोग सरकार चला रहे ! बस दो सब कुछ बेच रहे और दो ठेकेदार दोस्त ही खरीद रहे और समाज के सभी वर्गों को हिंदू बनाम मुस्लिम, सवर्ण बनाम दलित, आरक्षित बनाम अनारक्षित, किसान बनाम बिचौलिया, जो कभी एक - दूसरे के परस्पर पूरक हुआ करते थे, घृणा के बीज बोए ऐसे जैसे सदियों से एक - दूसरे के बीच में छत्तीस का ही आंकड़ा रहा हो। मानो वसुधैव कुटुंबकम् तो सिर्फ प्राचीन भारत का सपना रहा हो ! मणिपुर में भी मैतेई व कुकी को आपस में लड़वा करके ये दूसरा गोधरा दोहराए।


**बेटी बचाओ पेटी पढ़ाओ के नारें ये जोर** - शोर से गुंजाएं लेकिन देश की गौरव पहलवान बेटियों पर शोषण कर अत्याचार ढाए और आवाज उठाने पर उन्हें ही बदनाम कर बर्बरतापूर्वक धरने से उठवाएं।

**बीते पांच साल में कर्नाटक, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में विधायकों और सांसदों को ईडी** - सीबीआई का डर दिखाकर घोड़े की तरह सौदे किए और चुनी हुई सरकारों को गिराकर जनमत का चीरहरण करके, लोकतंत्र का गला घोंट रहे। महापुरुषों के नामों पर भी कर रहे हैं राजनीति और शहीदों के नाम पर भी घड़ियाली आंसू बहा रहे ! बच्चों के पाठ्यक्रम से डार्विन के विकासवाद को हटाते और चंद्रयान की सफलता का श्रेय भी वैज्ञानिकों को देने के बजाय खुद ही अपनी पीठ थपथपाते और अंधभक्तों से तालियां भी बजवाते और थैंक यू फलाने जी का अभियान भी चलवाते। पहले भी इन्होंने पुलवामा की गलती न मानकर और सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को अपना बताकर शहीदों की सहानुभूति के नाम पर वोट बटोरे थे। दूसरों के वंशवाद पर ये पानी पी-पीकर कोसते और उनके ही वंश को अपने पाले में करके बड़ी शान से ये उनको मंत्री बना कुर्सी पर बिठाते और भारत रत्न की रेवड़ी बांटकर कर विरोधियों को अपने पाले में करते ! हजार साल पहले के अतीत के गौरव का गुणगान करने में ही समय बिताते और एक परिश्रमी पिता के नकारा पुत्र की भांति अपने से पहले के प्रधानमंत्रियों द्वारा सृजित/निर्मित संपत्तियां बेचकर ही जनता जनता में ढिंढोरा पीट - पीटकर बता रहे कि उन्होंने सत्तर साल में किया ही क्या था ? जनता से भारी - भरकम टैक्स वसूलकर और कमरतोड़ महंगाई का बोझ झेलने के बदले सिर्फ़ पांच किलो राशन देकर एहसान बताकर इतरा रहे ! फिर भी किसी की जुबान पर कोई सवाल की आहट भी नहीं है ! साथ ही बिक चुकी है मीडिया, जो न थकती सत्ता का गुणगान करके और गोदी मीडिया एंकर तो सवाल भी विपक्ष से करते ! आशा अमर है अच्छे दिनों की, रामराज्य के नारे लगाए जा रहे ! लगता है गांधीजी को जब गोली लगी थी, तब उनके तीनों बंदर, नौ दो ग्यारह हो गए थे। काफी समय तक छानबीन और बड़ी मशक्कत के बाद पता चला कि जो बंदर बहरा था, वह शासन की कुर्सी पर जा बैठा। जो अंधा था वह न्याय की कुर्सी पर और जो गूंगा था वह तो जनता के बीच छुपा था। इसलिए कितना भी कुछ हो इस औपचारिक लोकतंत्र में शासक बहरे, न्याय अंधा और जनता गूंगी ही रहेगी। हालांकि 2024 में जनता तो सबक सिखाने हेतु तैयार खड़ी थी लेकिन इलेक्ट्रॉल बॉन्ड का घोटाला और ईवीएम का वोटाला करके मजबूत नहीं सही, पर बैसाखी वाली मजबूर सरकार तो बना ही लिए। लेकिन लगता है दस साल से किए जा रहे पापों का घड़ा भर चुका है। परिणाम के दिन ही नीट परीक्षा घोटाला पकड़ में आ गया, फिर यूपीएससी घोटाला, फिर पहली ही बारिश में राम मंदिर, नए संसद भवन में पानी टपकना, सड़कों का धंसना, निर्माणाधीन पुलों का ढह जाना, एयरपोर्ट की छतें गिरना, आतंकी घटनाएं बढ़ना और रिकॉर्डतोड़ ट्रेनें बेपटरी होना तथा नारी उत्पीड़न व दुष्कर्म की नित नवीन घटना घटना। ढोल पीट - पीटकर बताया जा रहा था कि रामराज्य आ आने वाला है लेकिन ये तो राक्षस राज के संकेत मिल रहे हैं ! फिर भी लाल किले से महिला सुरक्षा पर भाषण देकर भी आसाराम और रामरहीम जैसे अपराधियों को सिर्फ़ वोट के लिए पैरोल और फरलो देकर रिहा किए जा रहे ! आखिर पेपर लीक के लिए शिक्षामंत्री जिम्मेदार नहीं, रेल दुर्घटनाओं के लिए रेलमंत्री जिम्मेदार नहीं, बढ़ते अपराधों के लिए गृहमंत्री जिम्मेदार नहीं, आर्थिक गड़बड़ी के लिए वित्तमंत्री जिम्मेदार नहीं, सड़कें व पूल धंसने के लिए भी कोई जिम्मेदार ही नहीं ! क्या ऐसी ही गैर जिम्मेदारी से हम विश्वगुरू बनने वाले है ?

स्मरण हम सबके आदर्श व प्रेरणास्त्रोत शहीदे आजम भगतसिंह ने कहा था कि आजादी का मतलब सिर्फ़ गोरी चमड़ी के लोगों से आजादी हासिल करना नहीं है बल्कि वास्तविक आजादी तभी आ सकती है जब देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं यानि हरेक दबे कुचले वर्ग को हर प्रकार के शोषण से आजादी मिले और महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध लोक शाहीर साहित्यकार अण्णा भाऊ साठे ने भी कहा था कि ये आजादी झूठी है क्योंकि देश की जनता भूखी है।

## साल का दूसरा सूर्य ग्रहण रात होने के कारण भारत में नहीं देखा जा सकेगा आइये जानते हैं क्यों लगता है सूर्य ग्रहण

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश



सूत्रों के अनुसार साल 2024 का दूसरा सूर्य ग्रहण बुधवार 2 अक्तूबर 2024 को लगेगा। इस वर्ष का पहला सूर्यग्रहण 8 अप्रैल 2024 लगा था । आइए जानें सूर्यग्रहण के बारे में दिलचस्प बातें जब सूर्य व पृथ्वी के बीच में चन्द्रमा आ जाता है तो चन्द्रमा के पीछे सूर्य का बिम्ब कुछ समय के लिए ढक जाता है, इसी घटना को सूर्य ग्रहण कहा जाता है। पृथ्वी सूरज की परिक्रमा करती है और चाँद पृथ्वी की। कभी-कभी चाँद सूरज और धरती के बीच में आ जाता है। फिर वह सूरज की कुछ या सारी रोशनी रोक लेता है जिससे धरती पर छाया फैल जाती है। इस घटना को पूर्ण सूर्य ग्रहण कहा जाता है।ऐसा इसलिए है क्योंकि सूर्य का व्यास चंद्रमा से 400 गुना है लेकिन यह सूर्य से 400 गुना दूर भी है। ग्रहण के दौरान, चंद्रमा कुछ देर के लिए सूर्य को ढक लेता है, जिससे थोड़े समय के लिए दिन का प्रकाश अवरुद्ध हो जाता है और पृथ्वी के एक भाग पर छाया हो जाती है। इस छाया के दो भाग होते हैं कहीं सूर्य का प्रकाश पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है और पूर्ण ग्रहण दिखाई देता है, और कहीं पर केवल कुछ सूर्य का प्रकाश अवरुद्ध होता है और आंशिक ग्रहण दिखाई देता है। इस साल का दूसरा सूर्यग्रहण रात के समय नौं बजे के आसपास शुरू होकर अगले दिन सुबह लगभग तीन बजे तक रहेगा। यह ग्रहण बेहद लंबा होगा और इसकी अवधि करीब 6 घंटे की रहेगी। साल का दूसरा सूर्य ग्रहण उत्तर अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, अंटार्कटिका, प्रशांत महासागर और अटलांटिक महासागर के हिस्सों में दिखाई देगा । रात होने के कारण सूर्यग्रहण को भारत में नहीं देखा जा सकेगा।

## हर जरूरतमंद निर्धन को आहार पहुंचाने का संकल्प जनता रसोई घर का शुभारंभ






**भोपाल-** जनता रसोई घर उत्तम आहार-उत्तम विचार का शुभारंभ रविवार दिनांक- 25 अगस्त 2024 बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री ,चूनाभट्टी, कोलार रोड, भोपाल मध्य प्रदेश में किया गया भोपाल जन के लिए बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चूनाभटटी, कोलार रोड भोपाल में विभिन्न सामाजिक परोपकार के कार्य चल रहें हैं जैसे जनता फ़्रीज..एक सामुदायिक फ़्रीज,निःशुल्क जनता क्लासेज़, निःशुल्क साप्ताहिक जनता स्वास्थ केंद्र,संडे सामूहिक आनापान सती ध्यान शिविर जैसे विभिन्न परोपकार के कार्य बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री में हो रहें हैं जिसमें से एक और कार्य का ÷जनता रसोई घर÷ का प्रारंभ किया गया है। जो की उत्तम आहार-उत्तम विचार की अवधारणा को संजोते हुए हर जरूरतमंद निर्धन को आहार पहुंचाने का संकल्प है । इस जनता रसोई घर, बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री परिसर में प्रतिदिन समय दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक भरपेट 05 रुपय में खाना दिया जाएगा. इस जनता रसोई घर÷ के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि मा श्री आलोक शर्मा जी, सांसद , भोपाल विशेष अतिथि -मा श्री रामेश्वर शर्मा,विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष विधानसभा, श्रीमती मालती राय , महापौर - नगर निगम भोपाल,मा श्री पी सी शर्मा ,पूर्व मंत्री- मध्य प्रदेश शासन भोपाल,मा श्री चन्द्रभान लालचंदानी,राष्ट्रीय महासचिव सिंधी काउंसिल ऑफ़ इंडिया, मा श्री प्रवीण सक्सेना, मा श्री किशन सूर्यवंशी, अध्यक्ष- नगर निगम भोपाल एवं मा श्री जे. एन. कंसोटिया, आईएएस, महानिदेशक- प्रशासन अकादमी-मप्र शासन की अध्यक्षता में जनता रसोई घर÷ में संपन्न हुआ जिसनें जनता रसोई घर के व्यवस्थापक पी पी सोती,सरफ़राज़ हुसैन भंते संघशील, भंते राहुलपुत्र, वंदना मुल्ताईकर,वैशाली मनहर,शोभा चांहन्दे,सुनीता शेज़वाल,चन्द्प्रकाश गोलाइत,रामप्रसाद सीलोरिया,संदीप वाकोड़े,, नेहा बग्गा, सत्यभान पटेल,के के खरे,राजेंद्रकुमार गुप्ता, यू आर तिवारी,गंगाराम टिकाड़े, आशीष अग्रवाल ,सुनीला शर्मा,महेश कुकरेजा ,एच गोलाइट विभिन्न गणमान्य लोग इस कार्य के साक्षी बने.कार्यक्रम का संचालन राहुल पाटिल ने किया.



# टेलीग्राम एप हो सकता है बेन आप भी इस्तेमाल करते हैं टेलीग्राम तो हो जाइये सावधान!

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश




भारत सरकार जल्दी ही टेलीग्राम एपलीकेशन को बंद कर सकती है। क्योंकि टेलीग्राम के सी ई ओ पावेल डुरोव को फ्रांस में गिरफ़्तार कर लिया गया है । क्योंकि उनका गैर कानूनी गतिविधि में शामिल होना पाया गया है । एप्लिकेशन पर कथित तौर पर जबरन वसूली और जुए जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप है।जिसकी भारत सरकार जाँच कर रही है। तथा जिसके निष्कर्षों के आधार पर टेलीग्राम पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है । टेलीग्राम एक मैसेजिंग एपलीकेशन है। टेलीग्राम की स्थापना 2013 में निकोलाई और पावेल डुरोव ने की थी। इसके सर्वर दुनिया भर में कई डेटा केंद्रों के साथ वितरित किए जाते हैं, जबकि मुख्यालय दुबई , संयुक्त अरब अमीरात में है। टेलीग्राम यूरोप , एशिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में सबसे लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग एप्लिकेशन है। इस एप्लिकेशन के भारत भर में भी लगभग 5 मिलियन युसर्स हैं।

# शेयर मार्केट की बड़ी कंपनियों के नाम से इनवेस्टमेंट करवा कर 9,35,000 रूपये की धोखाधड़ी,तीन आरोपी गिरफ़्तार

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश



एप्लिकेशन के माध्यम से शेयर मार्केट की कंपनी में इनवेस्ट करने के नाम पर विभिन्न बैंक खातो में पैसा आनलाइन जमा करवाकर 9,35,000 रुपए की धोखाधड़ी की गई रिपोर्ट पर थाना क्राईम ब्रांच में अपराध क्र. 109/2024 धारा 318(4) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।आरोपीयों को गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे। आरोपी लोगो को वाट्सअप पर शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने के नाम पर मेसेज भेजते है। और लोगो को शेयर मार्केट में बड़ी कंपनियो के नाम से इन्वेस्ट करने पर कम समय में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देते है। और बड़ी कंपनियों से मिलता-जुलता एपलीकेशन बनाया जाता है। लोग जब पहली बार कंपनी में इन्वेस्ट करते है तब उनको मुनफा सहित जमा की गई राशि वापस कर दी जाती है जब लोगो के द्वारा बड़ी राशि इन्वेस्ट की जाती है तब उनको कोई पैसा वापस नहीं किया जाता है और एपलीकेशन में उनके खाते को ब्लाक कर दिया जाता है। खातो में पैसा आने पर तुरन्त आनलाइन अन्य बैंक खातो में कर लिया जाता है। सायबर क्राईम जिला भोपाल की टीम द्वारा कार्यवाही कर प्राप्त तकनीकी एनालिसिस के आधार पर अपराध करने में उपयोग किये गये वाट्सएप नंबर, एपलीकेशन एवं बैंक खातो के वास्तविक उपयोगकर्ता की जानकारी प्राप्त की गई एवं प्राप्त जानकारी के आधार पर गिरोह को पैसे लेकर खाता बेचने वाले तीन आरोपीयों को भुसावल महाराष्ट से गिरफ्तार किया गया एवं अपराध में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन, पांच सिम कार्ड जप्त किये गये है एवं अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# भगवान श्री कृष्ण के शोभा यात्रा में उमड़ा जन शैलाब





**अनूपपुर** – जिला मुख्यालय में यादव समाज के द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें जिले के कोने कोने से आए भक्त सम्मिलित हुए यादव समाज के द्वारा शोभा यात्रा के बाद समतपुर तालाब के पास सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया था तथा वृंदावन से आइए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी कार्यक्रम में आइए अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष अंजुलिका सिंह शैलेन्द्र सिंह , रामदास पुरी निरंजन यादव कांग्रेस नेता मयंक त्रिपाठी , कांग्रेस नेता पुल्लु दुबे, राजकुमार सोनी मनोहर जायसवाल,गणेश पनिका एवं इस कार्यक्रम के आयोजक, यादव महासभा के अध्यक्ष मोहन यादव , अश्वनी कुमार यादव, मुनेंद्र यादव ,मनोज यादव , छोटे लाल यादव ,रमेश यादव , पुरन यादव, केशव यादव, विवेक यादव सहित जिले के यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कलयुगी मां का वीर्भत्स कारनामा अपने ही दो बेटा बेटी की बेरहमी से की हत्या

## शव जलाने की कोशिश फिर घटना स्थल से हो गई थी फरार।।







आरोपी राधिका आदिवासी

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़

देवरी- देवरी जिला रायसेन के वार्ड नंबर 4 में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक माँ जिसका नाम राधिका आदिवासी था ने अपने ही दो मासूम बेटा जो की 3 साल का था एक बेटी जो की 6 साल की थी की बेरहमी से कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी। यह घटना देवरी थाना क्षेत्र में कल 29 अगस्त 2024 की है इस घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, माँ ने यह घातक कदम उठाने के बाद अपना सामान उठाकर घटना स्थल से फरार हो गई थी। पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस का कहना है कि वे हर पहलू की बारीकी से जांच कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राधिका का मानसिक संतुलन पिछ्ले कुछ समय से ठीक नहीं था, और वह अक्सर तनाव में रहती थी। पुलिस ने राधिका को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है, और पोस्टमार्टम के लिए दोनों बच्चों के शवों को उदयपुरा स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस हर संभावित पहलू की जांच में जुटी हुई है।

### बार- बार बदले ब्यान

पुलिस पूछताछ में महिला बार-बार बयान बदल रही है पहले उसने कहा कि वह पति से अलग होना चाहती थी इसलिए बच्चों को मार डाला, फिर कहने लगी कि वह खुद भी मरना चाहती थी लेकिन बच्चों की हत्या के बाद मूड बदल गया और सुसाइड करने की हिम्मत नहीं हुई फिर कहा कि पति ने उसके गहने गिरवी रखे थे उसे डर था कि वह मैच ना दे यह भी चर्चा है कि बच्चों की हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का भी कारण हो सकता है।

### जलाने का भी प्रयास किया


घटनास्थल पर पड़े शवों के पास अधजला गद्दा मिला है। साथ ही मृत बच्चे का चेहरा जला हुआ है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है की राधिका ने हत्या के बाद सबों को जलाने का प्रयास किया।। देवरी में राधिका नामक महिलाओं ने अपने ही दो बच्चों की निर्मम हत्या कर दी यह सूचना उसके पति ने थाने में दी थी। पुलिस ने महिला को अभिरक्षा में ले लिया है उससे पूछताछ चल रही है महिला बयान बदल है। घटना की जांच पड़ताल जारी है।

### कमलेश खरपुसे, एएसपी रायसेन

इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना दिया है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वे जल्द ही इस मामले की पूरी सच्चाई सामने लाएंगे।

# डीआरडीओ द्वारा निर्मित 1000 किलोग्राम का गौरव ग्लाइड बम IAF को डिलीवरी के लिए तैयार

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश





डीआरडीओ ने गौरव ग्लाइड बम का सफलतापूर्वक परीक्षण पूरा किया। घरेलू, लंबी दूरी के ग्लाइड बम जिसे %गौरव% कहा जाता है, ने 100 किमी से अधिक दूर लक्ष्य पर हमला किया, जो इसकी विकास यात्रा में एक बड़ी सफलता है। परीक्षण अब पूरे हो गए हैं और धारावाहिक उत्पादन शुरू हो सकता है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा अदानी डिफेंस और एयरोस्पेस सहित भागीदारों के साथ विकसित, यह स्टैंड-ऑफ ग्लाइड बम भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लिए गेम-चेंजर हो सकता है।गौरव को सुखोई-30स्र्घ्द्व फाइटर जेट से गिराया गया था. इसका वजन 1 टन है और इसमें कई तरह के हथियार लगाए जा सकते हैं। बिजली के लिए अपनी मोटर नहीं होने के बावजूद, ग्लाइड बम ने 100 किमी दूर लक्ष्य को सटीक सटीकता के साथ मारा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का समारोह - सरस्वती विद्या मंदिर, ई-4 अरेरा कॉलोनी



सरस्वती विद्या मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य महोदय ने श्रीकृष्ण की शिक्षाओं और उनके जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित एक सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। बच्चों ने राधा-कृष्ण की झाँकी सजाई और भक्ति गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सराहना की।

# शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन।



**संवाददता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। आज दिनांक 29 अगस्त 2024 को शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में प्रत्येक वर्ष की तरह मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय में पूर्व में आयोजित सभी खेल गतिविधियों टेबल टेनिस, कैरम,शतरंज,डार्ट बोर्ड शूटिंग,पंजा लड़ाई,रस्सी कूद,पुश अप,योग प्रतियोगिता में सहभागिता करने एवं उच्च प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अन्नू बड़कुड़ द्वारा विद्यार्थियों को अनुशासन,खेल,एवं समय के महत्व के बारे में बताया गया,श्री पंकज आर्य क्रीड़ा अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस से सम्बंधित संपूर्ण जानकारी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन के महत्वपूर्ण एवं रोचक तथ्यों से सभी को अवगत कराया। श्री सत्येंद्र कुमार आठिया(ग्रंथपाल) द्वारा मेजर ध्यानचंद के जीवन को प्रेरणा मानकर निरंतर लक्ष्य का पीछा करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। डॉ.पार्वती व्याघ्रे द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक होने एवं समय का सदुपयोग करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। श्री काशीराम चौधरी द्वारा पुरस्कार वितरण में विशेष योगदान दिया गया, इसके अतिरिक्त श्री प्रतीक लोधी, श्री ओपी वर्मा, डॉ. भरत सिंह लोधी, श्री संदीप कु भारके उपस्थित रहे एवं आयोजन में अनुशासन व्यवस्था बनाए रखी। श्री एस.एस प्रजापति द्वारा कुशल मंच संचालन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मामला छात्रा को जबरन शराब पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला

अनूप कुमार गुप्ता



अनूपपुर। गुरू-शिष्य के पवित्र रिश्ते को तार-तार करने वाले माध्यमिक शिक्षक पीटीआई प्रभारी प्राचार्य खमरौध उदय नारायण सिंह बघेल पिता स्व. शंकर सिंह उम्र 51 वर्ष निवासी एमपीईबी कॉलोनी शहडोल को गिरफ्तार कर लिया गया है। जहां मामला संगीन वा अति संवेदनशील होने तथा पीड़ित छात्रा द्वारा 48 घंटे में आरोपी प्राचार्य की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान ने आरोपी को पकडने़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन किया गया था। जहां लगातार हर संभावित ठीकानो में टीम ने दबिश देते हुए 29 अगस्त को शहडोल-अनूपपुर मुख्य मार्ग से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान ने प्रेस कांफ्रेंस कर छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी प्रभारी प्राचार्य की गिरफ्तारी के संबंध जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि छात्रा कक्षा 12वीं की ओपन परीक्षा फार्म भरने के लिए 23 अगस्त की दोपहर लगभग 4 बजे थाना करनपठार अंतर्गत शासकीय उमा. विद्यालय खमरौध में प्रभारी प्राचार्य उदय नारायण ड्क्षसह बघेल से मिली थी। जहां छात्रा को फार्म भरवाने के नाम पर अपने चार पहिया वाहन से शहडोल ले जाने के लिए निकले और छात्रा को दलदली गांव के स्कूल और वहां से पड़मनिया स्कूल पुराना विद्यालय भवन ले जाकर छात्रा को पहले जबरन शराब पिलाई और उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया और 24 अगस्त की दोपहर लगभग 12 बजे मुझे शहडोल में छोड़ दिया। जहां शहडोल से बस में बैठकर अपने घर शाम 5 बजे पहुंची और अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी देते हुए 26 अगस्त को करनपठार थाना पहुंचकर प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान ने बताया कि आरोपी प्रभारी प्राचार्य की गिरफ्तारी हेतु हर संभावित स्थानों पर दबिश दी गई थी, लेकिन आरोपी उदय नारायण ड्क्षसह बघेल का उनके परिवार एवं सोसाइटी में काफी विवादित होने के कारण टीम को उसकी गिरफ्तारी के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ी। इसके साथ ही एसपी ने शासकीय उमा. विद्यालय पड़निया पहुंचकर वहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराधों के प्रति जागरूक भी किया गया है।

# शासकीय हाई स्कूल खटपूरा में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई



पत्रकार बीआर अहिरवार, शाहगंज। प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार शासकीय हाई स्कूल खटपूरा में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को धूम-धाम से मनाया गया छात्र-छात्रों द्वारा ग्राम में रैली निकाली गई एवं बच्चों द्वारा श्री कृष्ण जी एवं राधा जी के नाटक की प्रस्तुति की गई द्व इस



अवसर पर शाला प्राचार्य श्री कप्तान सिंह चौहान जी ने बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार को लेकर मार्गदर्शन दिया एवं शाला प्रभारी श्री घनश्याम प्रजापति ने बच्चों को श्री कृष्ण जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं बुराईयों से कैसे लडा जाता है यह मार्गदर्शन किया इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक श्री गिरजाशंकर पांडे, श्री महेश पालीवाल, श्री बीएलओ योगेश सर, श्री रामभरोस वर्मा, श्री चरण सिंह बनाफर , श्रीमती कृति अहिरवार, श्रीमती ज्योति अहिरवार, श्री यूनिस खान, श्री अरविंद अहिरवार, श्री बालकराम अहिरवार एवं जनप्रतिनिधि गया प्रसाद अहिरवार मौजूद रहे।

# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन।

## (विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर खिरेंटी आलीवाडा)

**संवाददता हल्केवीर की न्यूज़**

देवरी। धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक जयंती व पुण्यतिथि त्यौहार आदि बड़े धूमधाम से मनाए जाते है। उन्ही त्यौहार में से एक त्यौहार होता है रक्षाबंधन, रक्षाबंधन पर विद्यालय के सभी बहन भाइयों व आचार्य दीदी, आचार्य को राखी बांधती है और एक दूसरे को विश्वास दिलाते हैं कि हम अपने जीवन काल में एक दूसरे का सहयोग करेंगे और हमेशा इस भैया बहन के संबंध को बनाकर चलेंगे। शिक्षा संबंधी कोई अन्य समस्या आती है तो एक दूसरे का सहयोग करेंगे इस प्रकार बहनों ने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा। भैया बहन अपने अपने घर से राखी व मिठाइयां विद्यालय लेकर आते हैं और सामाजिकता का भाव दिखाते हुए उनको मिश्रित कर लेते हैं मिश्रित करने के बाद किसी प्रकार का भेदभाव जातिवाद नहीं होता है । एक दूसरे की बदलकर राखी बांधकर मिठाई खिलाते हैं यह परंपरा सरस्वती शिशु मंदिर में ही दिखाई देती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री बृजेंद्र रघुवंशी प्रकल्प प्रमुख, श्री अमित रघुवंशी प्रधानाध्यापक, राहुल साहू आचार्य, राजाराम ठाकुर आचार्य, अनिल रजक आचार्य, सोनम दीदी, कीर्ति दीदी, विशाखा दीदी, वंदना दीदी, रक्षा दीदी, ललिता दीदी, संजू दीदी आचार्य एवं विद्यालय के सभी भैया बहन उपस्थित रहे।



# केंद्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल. जमुना कॉलरी में 'राष्ट्रीय खेल दिवस' का आयोजन

**रिपोर्ट -अनूप गुप्ता**

अनूपपुर (जमुना कोतमा) केंद्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल.जमुना कॉलरी में आज 29 अगस्त को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत में खेल शिक्षक श्री हरिकेश्वर सिंह ने इस दिवस के आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि हॉकी के जादूगर



**मेजर ध्यान चंद**

की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। हॉकी के इस महान जादूगर का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में हुआ। मेजर ध्यानचंद ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 400 गोल किए।




इसके साथ ही उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा से भारत के लिए ओलंपिक में तीन स्वर्ण पदक भी जीते। उनकी खेल उपलब्धियों ने भारत को वैश्विक स्तर पर हमेशा गौरवान्वित किया। मेजर ध्यानचंद का देश के लिए अनुपम योगदान को याद करते हुए भारत सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों को

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न**

पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है कार्यक्रम के अगले पड़ाव में प्राचार्य श्री मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेल के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया। प्राचार्य महोदय ने खेल के साथ शैक्षणिक प्रगति की उपयोगिता को खेल के साथ सम्बद्ध करते हुए बताया कि खेल और शैक्षणिक अध्ययन का सामंजस्य हो तो विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होना सुनिश्चित है कार्यक्रम की श्रृंखला में विद्यार्थियों हेतु वालीबॉल, और गोला-फेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन सी.सी.ए. प्रभारी सुश्री साजिदा एवं संस्कृत शिक्षक श्री मृत्युंजय मिश्र ने किया। कार्यक्रम की सफलता में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का सक्रिय योगदान रहा।

# देश में महिलाओं के साथ बढ़ते अत्याचारों के विरोध में पार्षद दिव्या अहिरवार एवम किरण अहिरवार द्वारा बिजावर विधानसभा में निकाला गया कैंडल मार्च






मीडिया रिपोर्ट में पार्षद दिव्या अहिरवार एवं किरण अहिरवार द्वारा अवगत कराया गया कि देश में दिन पर दिन महिलाओं के साथ अत्याचार एवम बर्बरता बढ़ती जा रही है,जो महिलाओं की सुरक्षा से सम्बन्धित गंभीर विषय है,ह्रष्टड्ढ के आंकड़ों को अगर देखा जाए तो वर्ष 2024 में महिलाओं के साथ अत्याचारों और बर्बरता की 12,648 शिकायते दर्ज हुई है,तथा यही आंकड़ा अगर देखा जाए तो वर्ष 2023 में महिलाओं के साथ घटित अपराधो की टोटल ह्रष्टड्ढ शिकायते 28,811 दर्ज हुई है,तथा अनेकों ऐसी भी शिकायते होती है, जो शासन स्तर तक पहुंच भी नही पाती है, ओर महिलाएं गंभीर अत्याचारो की शिकार होती है, और बड़ी-बड़ी खबरों पर नजर डाली जाए तो मणिपुर की घटना कोलकाता की घटना और दिन पर दिन छोटी छोटी बच्चियों और महिलाओं के साथ दिन पर दिन मानवता को शर्मसार करने बाली घटना घटित हो रही है, पार्षद दिव्या अहिरवार और किरण अहिरवार द्वारा मांग की गई है, कि बिजावर विधानसभा ओर समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में सी.सी.टी.वी कैमरे और स्टे लाईट लगाई जाए,तथा यह भी देखा जा रहा कि जहां-जहां भी महिला जनप्रतिनिधि उनकी उपेक्षा की जाती है,पार्षद दिव्या अहिरवार ने मांग की है,जहा जहा महिला जन प्रतिनिधि है,उनकी मांगों पर तत्काल एक्शन लिया जाए और तत्काल कार्यवाही की जाए।

# इंजीनियर राहुल अहिरवार संयोजक आई टी मध्यप्रदेश परिसंघ की मेहनत और युवा प्रदेश न्यूज़ की समय समय पर प्रकाशित की गई खबरों से ग्राम रैदासपुरा में विकास कार्यों की बहार आई और ग्राम मे निर्माण कार्य प्रारंभ हो गये



मीडिया रिपोर्ट में इंजीनियर राहुल अहिरवार संयोजक आई टी मध्यप्रदेश परिसंघ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम रैदासपुरा ग्राम पंचायत एरोरा तहसील बिजावर जिला छतरपुर के अंतर्गत आता है, ग्राम रैदासपुरा एक पूर्ण रूप से अनुसूचित जाति बहुल्य ग्राम है, विगत कई वर्षो से ग्राम रैदासपुरा में विकास कार्य रुके हुए थे,जिससे इंजीनियर राहुल अहिरवार ने मध्यप्रदेश शासन में हर स्तर पर विभिन्न पत्राचारों के माध्यम से ग्राम की समस्याओं से मध्यप्रदेश शासन को अवगत कराया एवं ग्राम में विकास कार्यों हेतु 10 सूत्रीय मांगे रखी, प्रमुख मांगे ग्राम में पार्क का निर्माण किया जाए ग्राम के क्षतिग्रस्त धर्मशाला को गिराकर





सामुदायिक भवन निर्माण आदि मांगे रखी जिस पर मध्यप्रदेश शासन ने स्वीकृति प्रदान की और ग्राम रैदासपुरा में पार्क निर्माण क्षतिग्रस्त धर्मशाला एवं स्कूल को गिराया गया तथा अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ हो गए हैं, इंजीनियर राहुल अहिरवार ने मीडिया रिपोर्ट में बताया की इन सब निर्माण कार्यों के लिए समस्त ग्रामवासियों एवम सरपंच जी का सहयोग एवं युवा प्रदेश न्यूज़ के द्वारा समय-समय पर खबरें प्रकाशित करने की वजह से ही संभव हुआ, इंजीनियर राहुल अहिरवार एवम समस्त ग्रामवासी मध्य प्रदेश शासन एवं युवा प्रदेश न्यूज़ का धन्यवाद करता है।



## पीएम मोदी ने की सीएम से बात

# 26 मौतें, 18 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित, गुजरात में बाढ़ से हाहाकार

**पीएम मोदी ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन सीएम भूपेंद्र पटेल से बात की और बाढ़ की स्थिति का जायदा लिया और इससे निपटने के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए कहा.**

अहमदाबाद, एजेंसी | गुजरात में गुरुवार को बारिश कम हुई, जिससे स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ लेकिन वडोदरा और राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में अब भी नदियां उफान पर होने से वहां बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है. अधिकारी राहत एवं बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बात की और स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने मुख्यमंत्री से बाढ़ के बाद बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए उचित कदम उठाने को भी कहा.

अधिकारियों ने बताया कि गुजरात में पिछले तीन दिनों में, बुधवार तक, बारिश से संबंधित घटनाओं में 26 लोगों की मौत हो गई है. राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) की अद्यतन जानकारी में बताया गया कि गुजरात के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 18,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया है तथा लगभग 1,200 लोगों को बचाया गया है. सुरक्षाबलों ने कुछ लोगों को हेलीकॉप्टर के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया.

हाल ही में हुई भारी बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित शहर वडोदरा में स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ क्योंकि विश्वामित्री नदी का जलस्तर सुबह 37 फुट से घटकर 32 फुट रह गया है. हालांकि, शहर के कई निचले इलाके अभी भी जलमग्न हैं.

भारी बारिश और अजवा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण मंगलवार को सुबह विश्वामित्री नदी का जलस्तर 25 फुट के खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था.

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''गुजरात में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लगातार दूसरे दिन मुझे फोन किया और स्थिति के बारे में जानकारी ली.''

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री ने विश्वामित्री नदी में आई बाढ़ पर चिंता जताई और वडोदरा के लोगों के लिए राहत और बचाव के उपायों के बारे में भी जाना.''



पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राज्य के सभी जिलों में राहत कार्यों के बारे में जानकारी ली और राज्य को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया. उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ के बाद बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए सफाई के उचित उपाय किए जाएं.

देवभूमि द्वारका जिले के भाणवड में सुबह छह बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि में 295 मिमी बारिश दर्ज हुई, जबकि कच्छ के अब्दासा में 276 मिमी और कल्याणपुर में 263 मिमी बारिश हुई.

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि के दौरान गुजरात के 20 तालुका में 100 मिमी से अधिक वर्षा हुई. कच्छ के मांडवी तालुका में सुबह 10 बजे तक चार घंटों में 101 मिमी बारिश हुई.

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सौराष्ट्र और कच्छ के तटीय इलाकों में बृहस्पतिवार को भारी बारिश होने की संभावना जताई है.

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर राज्य के सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित इलाके वडोदरा, द्वारका, जामनगर, राजकोट और कच्छ में राहत और बचाव कार्य संचालित कर रहे हैं.

### विश्व श्रमिक दिवस

हमसे मजदूरी
करवाकर,हमे ही धमकाते
है
हक हमारा खाकर, धन्ना
सेठ बन जाते हैं ।
इन दलालों के
कारगुजारियों के कारण
ही
मजदूर सदियों से गरीबी
में दिन बिताते हैं ।

हां मै मजदूर हूं
किंतु नहीं मजबूर हूं
जिस्म पर है भरोसा
मै परिश्रम से चूर हूं

1

मै सुविधाओं में
जीने का आदी नहीं
मैं अंधभक्त या
फिर आशावादी नहीं
ना समझे कमजोर
मै मेहनती भरपूर हूं
हां मै मजदूर हूं ।

2

सर मेरा कोई कभी
झुका सकता नहीं।
मेरा कार्य कभी कोई
भी छिपा सकता नहीं।
मेरी जरुरतें है कम
मै नहीं मगरुर हूं।
हां मै मजदूर हूं ।

3

बड़े-बड़े धन्ना सेठों ने
पगार मेरा खाया है।
विश्व के क्षमिको का
पार कभी ना पाया है।
मै अपने मन का मालिक
ना समझें कोई धूर हूं।
हां मै मजदूर हूं
किंतु नहीं मजबूर हूं।
हां मै मजदूर हूं।

# प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर किया गौरवान्वित

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक और एशियन गेम्स में पदक जीतकर कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का हुनर निखारने के लिये अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेल अधोसंरचना, आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से प्रशिक्षण, खेल उपकरण और विदेश में प्रशिक्षण दिलाने के साथ 18 खेलों की 11 खेल अकादमियाँ स्थापित की गई हैं।

**ओलंपिक गेम्स**

टोकियो ओलंपिक-2020 जापान में प्रथम बार मध्यप्रदेश खेल अकादमी के 10 खिलाड़ियों द्वारा देश का प्रतिनिधित्व किया गया। श्री विवेक प्रसाद सागर एवं श्री नीलाकांत शर्मा कॉस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी दल के सदस्य रहे। हाल ही में हुए पेरिस ओलंपिक में प्रदेश से हॉकी के श्री विवेक प्रसाद सागर, शूटिंग के श्री ऐश्वर्य प्रताप सिंह और पैरा ओलंपिक गेम्स में जूडो के श्री कपिल परमार, केनो की सुश्री प्राची यादव और सुश्री पूजा ओझा द्वारा प्रतिभागिता की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हॉकी खिलाड़ी श्री विवेक सागर को पेरिस ओलंपिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतने पर 1 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि से नवाजा है।

**एशियन गेम्स में जीते 14 पदक**

19वें एशियन गेम्स-2023 में हांगजाउ, चाइना में प्रदेश के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 5 रजत, 3 कॉस्य, कुल 14 पदक अर्जित कर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया।

### सूचना



**युवा प्रदेश साप्ताहिक समाचार पत्र**

सूचित किया जाता है की हेमंत शाक्य भोपाल सम्भागीय संवाददाता को अनुशासन हीनता के कारण युवा प्रदेश समाचार पत्र से पद मुक्त 07/08/24 को कर दिया गया है। तत्काल निर्देश के बाद भी युवा प्रदेश न्यूज का id कार्ड जमा नहीं किया है। युवा प्रदेश न्यूज का इससे कोई लेना देना नहीं है। भविष्य मे किसी भी प्रकार से युवा प्रदेश के नाम का प्रयोग करने पर, किसी भी प्रकार से युवा प्रदेश id का उपयोग करने पर यह खुद जिम्मेदरी हो गए।

**युवा प्रदेश साप्ताहिक समाचार पत्र**
**प्रधान संपादक नागेश नरवरिया**

## संगठन का आधार है सदस्यता : आलोक शर्मा



# भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें : आलोक शर्मा

भोपाल | भारतीय जनता पार्टी के देश व्यापी अभियान की गुरुनानक मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला नरियलखेड़ा स्थित कम्युनिटी हॉल में भोपाल सांसद आलोक शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। 1 सितंबर से शुरू होने वाले अभियान में सबसे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्यता ग्रहण कराएंगे उसके बाद पूरे देश में ये अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक चलेगा। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि संगठन का आधार सदस्यता होती है, भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे ज्यादा सदस्यों की पार्टी है एवं भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है।

मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा की हम इस अभियान में पिछली बार से अधिक सदस्य बनाने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर अभियान प्रभारी देवेंद्र भार्गव, विष्णु राजपूत, भगवान दास ढालिया, आलोक भदौरिया, राजा शर्मा, शारदा प्रसाद बमन, सुनील सराठे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एमपी में अब तीन वर्ष के पहले नहीं हटाए जा सकेंगे नगर पालिका या परिषद के अध्यक्ष, अध्यादेश जारी

**मध्य प्रदेश में आज एक नई और बड़ी व्यवस्था लागू कर दी गई है। यह व्यवस्था नगरीय निकायों के लिए है। जारी अध्यादेश के अनुसार अब राज्य में किसी भी नगर पालिका या नगर परिषद के अध्यक्ष के खिलाफ तीन साल की अवधि से पहले कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकेगा। राज्यपाल ने इस पर अनुमति दे दी है।**




भोपाल , प्रतिनिधि | राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अनुमति मिलते ही विधि एवं विधायी विभाग ने मध्य प्रदेश नगर पालिका द्वितीय संशोधन अध्यादेश 2024 को अधिसूचित कर प्रभावी कर दिया। बता दें कि इस अध्यादेश के अधिसूचित होने के बाद अब मध्य प्रदेश में अब नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष के विरुद्ध तीन वर्ष के पहले अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकेगा।

इसके लिए तीन चौथाई पार्षदों के हस्ताक्षर से ही प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा सकेगा। यह नई व्यवस्था प्रदेश सरकार ने नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 43 क में अध्यादेश के माध्यम से संशोधन कर लागू की है।

प्रदेश में अभी तक नगर पालिका या नगर परिषद के अध्यक्ष के प्रति यदि दो तिहाई पार्षद अविश्वास व्यक्त करते थे तो उन्हें हटाने के लिए दो वर्ष की कालावधि पूर्ण होने पर अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता था।

विधानसभा और लोकसभा चुनाव के समय बड़ी संख्या में पार्षद कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। जुलाई-अगस्त 2022 में नगरीय निकायों के चुनाव हुए थे।

दो वर्ष की कार्यावधि पूर्ण हो रही थी और ऐसी आशंका थी कि कुछ निकायों के अध्यक्षों को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

सरकार ने इसे हतोत्साहित करने के लिए व्यवस्था में परिवर्तन करने का निर्णय लिया। चूंकि, विधानसभा का सत्रावसान हो चुका है इसलिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश का माध्यम चुना।

वरिष्ठ सचिव समिति की असहमति के बाद भी कैबिनेट ने अधिनियम में संशोधन करके तीन चौथाई पार्षदों के समर्थन और तीन वर्ष की कालावधि पूर्ण होने पर ही अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रविधान करने का निर्णय लिया।

# मप्र से राज्य सभा के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन निर्विरोध निर्वाचित

**जार्ज कुरियन ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा के साथ विधानसभा भवन स्थित रिटर्निंग आफिसर कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रदेश से राज्य सभा की यह एक सीट गुना से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के त्यागपत्र देने से जून 2024 में रिक्त हुई थी।**



भोपाल, प्रतिनिधि | मध्य प्रदेश से राज्य सभा की एक रिक्त सीट के लिए मंगलवार को निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हो गई। भाजपा के प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उनका कार्यकाल 21 जून 2026 तक रहेगा।

230 सदस्यीय विधानसभा में पूर्ण बहुमत होने के कारण भाजपा के प्रत्याशी का चुनाव जीतना निश्चित था, इसलिए कांग्रेस ने कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा। भाजपा ने जार्ज कुरियन को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया तो कुलदीप बेलावत ने भी भाजपा और कांतदेव सिंह ने निर्दलीय के तौर पर नामांकन पत्र जमा किया था।

जांच में कुलदील बेलावत का नामांकन पत्र निरस्त हो गया और कांतदेव सिंह ने नाम वापस ले लिया। मंगलवार को दोपहर तीन बजे नाम वापस लेने की समय सीमा पूरा होने के बाद जार्ज कुरियन को निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

मप्र और केरल का संबंध मजबूत हुआः डा. मोहन जार्ज कुरियन केरल से आते हैं इसलिए उनकी जीत पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि मप्र और केरल का संबंध और मजबूत हुआ है। आदि शंकराचार्य ने यहां नर्मदा के किनारे अपनी साधना के बलबूते पर सनातन धर्म के लिए नया रूप दिया।

जार्ज कुरियन को निर्विरोध यहां से राज्य सभा भेजा है। उनके राजनीतिक अनुभव का लाभ प्रदेश को मिलेगा। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि जार्ज कुरियन का मध्य प्रदेश से चुना जाना देश और प्रदेश के विकास के लिए नए आयाम स्थापित होंगे।

डेयरी के विकास में विशेष सहयोग मिलेगा। वहीं, कुरियन ने अपने निर्वाचन पर भाजपा के केंद्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व के प्रति आभार जताया। कहा कि मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने केरल में आई प्राकृतिक आपदा के लिए 20 करोड़ रुपये दिए हैं। इससे दोनों प्रदेश के बीच रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे।

# बिजली का मोटा बिल बकाया है तो सुधर जाइये, फेसबुक-वॉट्सएेप पर हो जाएगा वायरल

**कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं का वाट्सएप ग्रुप भी बनाया जा रहा है। जिसमें बकायादारों की सूची भेजी जाएगी, ताकि सभी को पता चल सके कि उनके आसपास कितने बकायादार हैं। पिछले दिनों कंपनी द्वारा ग्वालियर क्षेत्र के कुछ बकायादारों की सूची को सार्वजनिक स्थानों और सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किया गया था।**



भोपाल, प्रतिनिधि । अब रसूखदारों को बदनाम कर बिजली का बिल वसूलने की तैयारी कंपनी द्वारा की जा रही है। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सभी बड़े बकायादारों के बिल सोशल मीडिया पर वायरल करने का फैसला लिया है।

कंपनी सोशल मीडिया प्लेटफार्म वाट्सएप, फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम पर नाम, पता और बकाया राशि वायरल करेगी। यह ऐसे बकायादार हैं जिनके द्वारा पिछले कई महीनों से बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है।

कंपनी ने बताया कि कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम,ग्वालियर और चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी 16 जिलों के बड़े बकायादारों के नाम की सूची तैयार कर ली गई है।

इनके नाम सहित पूरी जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल कर उनसे बिल भुगतान की अपील की जाएगी। सूची में से फिलहाल प्रमुख 20 बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे।

इसके बाद सभी बकायादारों की सूची प्रसारित कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं का वाट्सएप समूह भी बनाया जा रहा है। इसमें बकायादारों की सूची भेजी जाएगी, ताकि सभी को पता चल सके कि उनके आसपास कितने बकायादार हैं।

पिछले दिनों कंपनी द्वारा ग्वालियर क्षेत्र के कुछ बकायादारों की सूची को सार्वजनिक स्थानों और इंटरनेट मीडिया पर सार्वजनिक किया गया था।इसके बाद कई उपभोक्ताओं ने बकाया बिल जमा किया था तो कंपनी ने उनके नाम भी हटा दिए थे।

# भोपाल के एमपी नगर में निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरी, एक मजदूर के पैर में आई चोट

**पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। स्थानीय लोग भी इस घटना से चिंतित हैं और निर्माण कार्य में सावधानी बरतने की बात कर रहे हैं।**



भोपाल, प्रतिनिधि । भोपाल के एमपी नगर इलाके में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया जब एक निर्माणाधीन बिल्डिंग अचानक भरभराकर गिर गई। घटना एमपी नगर के जोन 2 के प्लाट नंबर 85 पर घटी। स्थानीय लोगों के अनुसार बिल्डिंग के मलबे में एक मजदूर फंस गया था, जिसे तुरंत बाहर निकाल लिया गया। उस मजदूर के पैर में मामूली चोट आई, लेकिन चोट गंभीर नहीं बताई जा रही है।

अच्छी बात यह है कि घटना के समय बिल्डिंग के आस-पास कोई अन्य व्यक्ति नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि होने से बच गई। एमपी नगर थाना प्रभारी जय हिंद शर्मा ने बताया कि घटना की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है और ना ही कोई व्यक्ति मलबे में दबा हुआ था।

यह देखकर कहना लगत नहीं होगा कि एमपी नगर इलाके में हुई यह घटना क्षेत्र में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को उजागर करती है। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। स्थानीय लोग भी इस घटना से चिंतित हैं और निर्माण कार्य में सावधानी बरतने की बात कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश में अब डीजीपी को मिलने वाली शिकायतों का 30 दिन में होगा निराकरण

**मध्य प्रदेश में अब जनता की समस्याओं को लेकर एक नई शुरुआत की गई है। डीजीपी को जो शिकायतें पहुंचती हैं**

भोपाल, प्रतिनिधि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मिलने वाली शिकायतों का निराकरण 30 दिन में किया जाएगा। डीजीपी ने गुरुवार को एडीजी (शिकायत एवं मानव अधिकार) डीसी सागर को इसके लिए निर्देशित किया है।

शिकायतों को विधि, पारदर्शिता, साक्ष्यों व साक्षियों के कथनों के आधार पर निराकरण करने के लिए कहा है। डीसी सागर ने पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस आयुक्तों को पत्र लिखकर शिकायतों के निराकरण के लिए रोडमैप भी दिया है। इसके अनुसार डीजीपी मानिट की शिकायतों की जांच में जांचकर्ता अधिकारी घटनास्थल पर जाकर परिस्थितिजन्य साक्ष्य, गवाहों के कथन, दस्तावेजी साक्ष्य का संकलन विधिसम्मत तरीके से करेंगे। उल्लेखनीय है कि डीजीपी के पास पुलिस के थाने या चौकियों में पदस्थ पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं के साथ दुर्व्यहार, शिकायत की कोई जांच न करना, घटनास्थल या मौके पर नहीं पहुंचना, संज्ञेय अपराध होने पर भी अपराध दर्ज न करना, पीड़ितों का मेडिकल नहीं कराकर थाने से भगाना, पारिवारिक हिंसा आदि शिकायतें आती हैं।

# एमपी में खेलो-बढ़ो अभियान जल्द लॉन्च होगा, खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने की घोषणा

**खेलमंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश के विभिन्न खेल अवार्ड की प्रकिया पूर्ण पारदर्शी हो, इस पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में 18 खेलों की 11 अकादमियां उच्च स्तर पर है। हमारा प्रयास है कि पीपीपी मॉडल पर खेल इन्फ्रास्टेक्चर तैयार हो।**

भोपाल, प्रतिनिधि | खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल दिवस पर मध्यप्रदेश में जल्द 'खेलो-बढ़ो' अभियान लांच करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने यह बात तात्या टोपे स्टेडियम में खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। भारत को जब भी ओलिंपिक की मेजबानी मिलेगी मप्र तीन खेलों की मेजबानी का दावा करेगा।

### पंचायत स्तर तक खेल संरचनाएं होगी विकसित

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हर गांव-शहर में खेल हो और खेल प्रतिभाएं आगे आये। इसके लिये हर पंचायत स्तर पर खेल संरचनाएं विकसित होगी। यही नहीं प्रयास होगा कि युवा उस खेल मैदान तक पहुंचे, इस दिशा में भी कार्य किया जायेगा।

### टेलेन्ट सर्च पर होगा काम

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सरकार खेल की अधोसंरचना और खिलाड़ियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। आशा है



कि खिलाड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। खेल मैदान से युवाओं को जोड़ने से खेल प्रतिभा निखरेगी। इस टेलेन्ट सर्च से खिलाड़ियों की संख्या में लगभग दोगुना इजाफा होगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित किया जायेगा।

### शासकीय नौकरी होगी उपलब्ध

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खिलाड़ियों की भविष्य की चिंता पर भी सरकार काम कर रही है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की हर प्रकार की समस्या के निराकरण के प्रयास जारी है। खेल प्रतिभाओं को शासकीय नौकरी भी उपलब्ध करवाई जायेगी।

### खेल अकादमियों का विस्तार

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश में खेल अकादमियों का भी विस्तार किया जायेगा। खेल एसोसिएशन और फेडरेशन सहित खेल गतिविधियों से जुड़े सभी क्लब आदि मिलकर काम करें। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमारा प्रयास है कि अगले छः माह में हर घर, मोहल्ले में खेल और खिलाड़ियों की प्रतिभाओं पर चर्चा हो।

### एनआइएस पटियाला की ब्रांच भोपाल में खुलेगी

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रयास है कि सांई ट्रेनिंग सेंटर पटियाला की एक ब्रांच भोपाल में खुले। यहां खेल संबंधी स्पर्धा और ट्रेनिंग हासिल कर डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी खिलाड़ियों को मिल सकेगा।

### ओलिंपिक की मेजबानी

मंत्री ने कहा कि प्रयास है कि भारत में जब भी ओलिंपिक हो तो मध्यप्रदेश कम से कम 3 खेल की मेजबानी करे। इसके लिये भी अभी से इस दिशा में काम किया जायेगा। केंद्रीय खेलमंत्री से इस बारे में चर्चा हुई थी। भोपाल शूटिंग और वाटर स्पोटर्स के लिए आदर्श है।

### डोप टेस्टिंग सेमीनार

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश डोप टेस्टिंग पर भी एक वृहद सेमीनार आयोजित करने जा रहा है, इसमें पूरे देश से विषय विशेषज्ञ आकर चर्चा करेंगे। क्रिकेट जैसे महत्वपूर्ण खेल पर भी मध्यप्रदेश काम करेगा। मध्यप्रदेश में खेल विभाग के माध्यम से क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जायेगा।

### हर स्तर पर ध्यान

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खेल उन्नयन के लिये हर कदम पर नवाचार किया है। खेल और खिलाड़ियों की सुविधाओं का हर स्तर पर ध्यान रखा है। इससे मध्यप्रदेश खेल के मामले में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर रहा है।

### नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल का गठन

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेल संघ के विवाद से खिलाड़ियों और खेल को हो रहे नुकसान पर नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल के गठन का सुझाव दिया गया है। केंद्रीय खेल मंत्री ने सुझाव को गंभीरता से लेते हुए ट्रिब्यूनल के गठन का आश्वासन दिया। वर्तमान में भी कई खेल संघों में विवाद की स्थिति है जिसके कारण भारी संख्या में प्रतिभावान खिलाड़ियों का नुकसान हो रहा है। यदि नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल का गठन होता है, तो यह भारत के खिलाड़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल होगी। नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल के गठन से निश्चित ही भारतीय खेलों को नई दिशा मिलेगी।

### युवा शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत हो

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूती लिये खेल से जुड़ना होगा। इसी से देश भी सशक्त होगा। युवाओं में खेल की दक्षता हो और खेल भावना तीव्र हो। साथ ही सच्चे और अच्छे नागरिक जरूर बने।

### खिलाड़ी बहनों ने बांधी राखी

मंत्री श्री सारंग को कार्यक्रम में खिलाड़ी बहनों ने रक्षा सूत्र भी बांधे। उनसे स्कूली बच्चे भी मिले। मंत्री श्री सारंग ने खिलाड़ियों और कोच ने भेंट कर उनकी हौसला अफजाई की। इस मौके पर संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता और संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव भी मौजूद थे।

# बेरोजगारी और नर्सिंग घोटाले के मुद्दे पर युवा कांग्रेस करेगी मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**मध्य प्रदेश में युवा कांग्रेस शुक्रवार को सीएम आवास का घेराव करने जाएगी। इसमें भाजपा के द्वारा किए गए रोजगार दिलाने को वादे को याद दिया जाएगा। इस दौरान सीएम को साढ़े चार लाख पोस्टकार्ड भी दिए जाएंगे।**



भोपाल, प्रतिनिधि | मध्य प्रदेश में बेरोजगारी और नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में हुए घोटाले को लेकर मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी। इसमें भाजपा द्वारा किए गए रोजगार के वादे को लेकर संगठन द्वारा चलाए गए 'तेरा वादा' कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त साढ़े चार लाख पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को सौंपे जाएंगे।

प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार युवाओं के साथ छलावा कर रही है। ना तो उन्हें नौकरियां मिल रही है और ना ही स्वरोजगार। नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में इतनी गड़बड़ियां हुई पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रदेशभर से जो पोस्ट कार्ड प्राप्त हुए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा।

उधर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि नई टीम का गठन जल्द ही होगा। इसमें सभी वर्गों और अंचल का प्रतिनिधित्व रहेगा। युवाओं को अधिक से अधिक अवसर दिया जाएगा। संगठन महासचिव के केसी वेंणुगोपाल से इस संबंध में चर्चा हुई है।

# बारिश थमी तो सड़कों पर उड़ती धूल बरपाने लगी कहर, सांसों में घुल रहा जहर

**बारिश के दौरान शहर में जगह-जगह सड़कें खराब हो गईं। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गिट्टी उखड़ने के साथ सड़कों पर धूल खूब उड़ रही है। इसकी वजह से हवा में प्रदूषण फैल रहा है एवं राहगीरों के लिए सांस लेना भी दूभर हो रहा है।**



भोपाल, प्रतिनिधि | बारिश के थमते ही शहर की जर्जर सड़कों पर धूल के गुबार उड़ने लगे हैं। इस परेशानी का सामना सबसे अधिक दोपहिया वाहन चालकों को करना पड़ रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि शहर में 78 प्रतिशत नागरिक दो पहिया वाहन चलाते हैं, जिनकी सांसों में यह धूल का जहर घुल रहा है। अगर इसी तरह धूल उड़ती रही तो लोगों को आंख, नाक और सांस संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यदि जल्द ही सड़कों से धूल नहीं हटाई गई तो बहुत लोग बीमारियों की चपेट में आ जाएंगे।

डॉक्टरों का कहना है कि यह धूल सबसे अधिक एलर्जिक लोगों के लिए घातक है। इस धूल की वजह से गाड़ी चलाते वक्त एलर्जिक व्यक्ति को सांस के दौरे तक पड़ सकते हैं। वहीं, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि सड़क पर उड़ रही धूल से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। वर्तमान में शहर की करीब एक दर्जन से अधिक सड़कें ऐसी हैं, जिनसे वायु प्रदूषण फैल रहा है। वहीं, एक्सपर्ट का कहना है कि शहर में चल रहे निर्माणाधीन कार्य भी हवा के प्रदूषण का एक कारण हैं।

# एमपी में करीब 700 बीएड डिग्रीधारी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी निरस्त, यह है कारण

**लोक शिक्षण संचालनालय ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किए निर्देश। 11 अगस्त 2023 से बाद हुईं बीएड डिग्रीधारी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्तियों को निरस्त किया जा रहा है। इस आदेश से प्रदेशभर में करीब 700 प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ गई है।**



भोपाल, संवाददाता | प्रदेश के करीब 700 बीएडधारी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त होगी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षक की व्यावसायिक योग्यता बीएड के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने 11 अगस्त 2023 को पारित आदेश में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना 28 जून 2018 को निरस्त कर दिया था। इस निर्णय के आधार पर बीएड योग्यताधारी अभ्यर्थी प्राथमिक शिक्षक के लिए पात्र नहीं होंगे। बता दें कि प्रदेश में ऐसे प्राथमिक शिक्षकों की संख्या लगभग 700 है।

प्राथमिक शिक्षकों को लेकर उच्च न्यायालय जबलपुर ने भी तीन मई 2024 में यह निर्णय दिया था कि 11 अगस्त 2023 के पूर्व नियुक्त बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षक को ही मान्य किया जाए। यानी 11 अगस्त 2023 के बाद नियुक्त बीएड योग्यता धारी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्त मान्य नहीं होगी।

डीईओ को संचालनालय ने निर्देशित किया है कि प्राथमिक शिक्षकों की व्यावसायिक योग्यता का जिले में उपलब्ध रिकॉर्ड से परीक्षण कर बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति तत्काल निरस्त करें। इसके लिए एक प्रारूप भी दिया गया है।

विभाग की ओर से जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि किसी अभ्यर्थी की योग्यता में त्रुटिवश बीएड के स्थान पर डीएड लिखा है तो उसकी नियुक्ति भी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुक्रम में निरस्त करनी होगी। इसके अलावा जिले में 11 अगस्त 2023 को या इसके बाद नियुक्त कोई अन्य बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षक है तो तत्काल नियुक्ति निरस्त करें। बता दें कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती-2020 के तहत करीब 18 हजार प्राथमिक शिक्षक के पद पर भर्तियां हुई थी। हालांकि 10 अगस्त, 2023 के पहले बीएड डिग्री के आधार पर हुई नियुक्तियां मान्य रहेंगी।

इन जिलों में हैं बीएडधारी प्राथमिक शिक्षक

डीपीआई की ओर से 25 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है। इसमें आगर मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, छतरपुर, दमोह, डिंडौरी, गुना, कटनी, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, पन्ना, रायसेन, रतलाम, सागर, श्योपुर, शिवपुरी, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उज्जैन, विदिशा शामिल हैं।

## कोरिया ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी | अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप की बुधवार को यहं कोरिया ओपन के पहले दौर में हार के साथ इस सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया।

दुनिया के 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता को महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 8-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि आकर्षी को पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21 15-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी मालविका को कड़े मुकाबले में दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लाइन होजमार्क जेयर्सफेल्ट के खिलाफ 21-18 15-21 17-21 से हार मिली। मिश्रित युगल में आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी को को सुंग ह्युन और इयोम ह्ये वोन की कोरियाई जोड़ी के खिलाफ 7-21 12-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## अपने करियर को नई दिशा देना चाहते हैं करुण नायर



बेंगलुरु, एजेंसी | अभी तक अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करने वाले भारतीय बल्लेबाज करुण नायर अपने करियर को नई दिशा देना चाहते हैं लेकिन वह बहुत आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे वह एक स्थिति में फंस सकते हैं।

करुण को भारत की तरफ से मैच खेले हुए सात साल हो गए हैं, लेकिन उन्होंने पिछले एक साल में कुछ पुराना जलवा दिखाया है। इस बल्लेबाज ने इस दौरान विदर्भ और इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में नॉर्थम्पटनशर की तरफ से कुछ उपयोगी पारियां खेली।

उन्होंने पीटीआई से कहा,''आपको कड़ी मेहनत करने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। सब कुछ अगले मैच से जुड़ा होता है और मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोच रहा हूं क्योंकि कभी-कभी आप यह सोचकर फंस जाते हैं कि आगे क्या होने वाला है।''

नायर ने कहा,'' मैंने पिछले एक साल में सभी प्रारूपों में काफी रन बनाए हैं। मैं हर मौके पर वही करने की कोशिश कर रहा हूं जो मैं पिछले एक साल से करता आ रहा हूं। मैं हर मौके को नए अवसर के रूप में देख रहा हूं।''

करुण के करियर में सकारात्मक बदलाव का पहला संकेत तब मिला जब उन्हें 2023 की शुरुआत में नॉर्थम्पटनशर की तरफ से खेलने का मौका मिला। उन्होंने तब तीन मैच में 83 की औसत से 249 रन बनाए, जिसमें चैंपियन सरे के खिलाफ शतक भी शामिल था। इस साल उन्होंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच में 49 के औसत से 487 रन बनाए जिसमें एक शतक शामिल है।

उन्होंने कहा,'' हर कोई जानता है कि भारतीय बल्लेबाजों के लिए इंग्लैंड में जाकर रन बनाना आसान नहीं होता है। इसलिए मैंने एक बल्लेबाज के रूप में खुद को समझने, रन बनाने के तरीके ढूंढने और खुद पर विश्वास करने के बारे में बहुत कुछ सीखा है। ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो मैंने इंग्लैंड में सीखी हैं।''

## महिला टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा दक्षिण अफ्रीका



लाहौर | पाकिस्तान अगले महीने यूएई में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला खेलेगा।

दक्षिण अफ्रीका की टीम 16, 18 और 20 सितंबर को मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। शुरुआती दो मैच दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''यह श्रृंखला दोनों टीमों को विश्व कप के लिए बहुमूल्य तैयारी करने का अवसर देगी।''

अधिकारी ने बताया कि तीनों मुकाबलों का सीधा प्रसारण किया जाएगा और मेहमान टीम 13 सितंबर को पाकिस्तान पहुंचेगी।

श्रृंखला के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम 21 सितंबर जबकि पाकिस्तान की टीम 23 सितंबर को यूएई रवाना होगी।

महिला टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश, स्कॉटलैंड, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप बी में जगह मिली है।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जुड़े जहीर खान, आईपीएल 2025 में मेंटर की भूमिका में आएंगे नजर

**जहीर खान को लखनऊ सुपर जायंट्स ने अहम जिम्मेदारी सौंपी है. वे टीम के मेंटर बन गए हैं. टीम ने इसको लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो भी शेयर किया है.**




नई दिल्ली, एजेंसी | लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले एक बड़ा बदलाव किया है. लखनऊ ने टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी जहीर खान को टीम का मेंटर बनाया है. जहीर का क्रिकेटर करियर शानदार रहा है. वे संन्यास के बाद भी किसी न किसी टीम से जुड़े रहे हैं. अब वे लखनऊ के खेमे में हैं. लखनऊ सुपर जायंट्स ने इसको लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में जहीर नजर आ रहे हैं.

जहीर ने 2008 में आईपीएल डेब्यू किया था. इसके बाद 2017 में आखिरी बार खेले. जहीर खान इसके बाद अलग-अलग भूमिका रहे. वे 2018 से 2022 तक मुंबई इंडियंस के साथ रहे. अब वे लखनऊ के लिए मेंटर की भूमिका निभाएंगे. उनसे पहले गौतम गंभीर इस पद पर थे. गंभीर ने आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स का दामन थाम लिया. उनके जाने के बाद लखनऊ में मेंटर की जगह खाली थी. लिहाजा अब जहीर इस भूमिका में रहेंगे.

**कोचिंग स्टाफ में नहीं होगा कोई बदलाव -**

अगर लखनऊ के कोचिंग स्टाफ की बात करें तो जस्टिन लैंगर हेड कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. वे एंडी फ्लावर की जगह आए थे. लांस क्लूजनर और एडम वोग्स टीम असिस्टेंट कोच हैं. जहीर के आने के बाद कोचिंग स्टाफ में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा. लेकिन जहीर मेंटर के साथ-साथ और भी जिम्मेदारी निभाएंगे. वे प्लेयर-डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन भी करवा सकते हैं.

**दमदार रहा है जहीर का करियर -**

अगर जहीर के करियर पर नजर डालें तो वह शानदार रहा है. जहीर ने 100 आईपीएल मैचों में 102 विकेट लिए हैं. इस दौरान महज 17 रन देकर 4 विकेट लेना एक मैच का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है. जहीर ने भारत के लिए 17 टी20 मैच खेले हैं. इसमें 17 विकेट झटके हैं. जहीर 200 वनडे मैच खेल चुके हैं. इस दौरान 282 विकेट झटके हैं. उन्होंने टीम इंडिया के लिए 311 टेस्ट विकेट भी झटके हैं.

## जोमैटो-स्विगी को मिलेगा तगड़ा कंपटीशन, अमेजन ने शुरू कर दी क्विक कॉमर्स में उतरने की तैयारी

**पहले ऐसी खबरें आ रही थीं कि अमेजन का क्विक कॉमर्स में उतरने का कोई इरादा नहीं है. हालांकि अब कंपनी इस पर गंभीरता से काम शुरू कर चुकी है...**




नई दिल्ली, एजेंसी | तेजी से उभरते क्विक कॉमर्स सेक्टर में आने वाले दिनों में दिग्गजों की एंट्री होने वाली है. ई-कॉमर्स की सबसे बड़ी वैश्विक कंपनी अमेजन ने तो भारत के क्विक कॉमर्स बाजार में उतरने की तैयारियां शुरू भी कर दी है. इस सेगमेंट में अमेजन की एंट्री से स्विगी और जोमैटो जैसी कंपनियों को कड़ी टक्कर मिलने का अनुमान है.

अगले साल हो सकती है शुरुआत - ईटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन अगले साल की शुरुआत में भारतीय बाजार में क्विक कॉमर्स में एंट्री कर सकती है. कंपनी की योजना भारतीय बाजार में क्विक कॉमर्स का कारोबार नए साल की पहली तिमाही में शुरू करने की है. कंपनी ने इसके लिए अपनी लीडरशिप टीम के एक वरिष्ठ एक्जीक्यूटिव को लगाया है.


अब तक कंपनी करती आई इनकार - हालांकि अमेजन ने अभी क्विक कॉमर्स बिजनेस में उतरने के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं की है. इससे पहले ऐसी खबरें जरूर आ रही थीं कि अमेजन की क्विक कॉमर्स सेगमेंट में उतरने की कोई योजना नहीं है. पिछले महीने भी कई खबरों में ऐसा कहा गया था. ईटी की रिपोर्ट एक दम अलग दावा कर रही है और उसके हिसाब से लग रहा है कि क्विक कॉमर्स को लेकर अमेजन का रुख गंभीर है.

इन्हें दी गई है जिम्मेदारी - रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन ने वरिष्ठ एक्जीक्यूटिव निशांत सरदाना को क्विक कॉमर्स बिजनेस की रूपरेखा तैयार करने का जिम्मा दिया है. सरदाना पहले से अमेजन इंडिया यानी अमेजन के भारतीय कारोबार में पीसी, ऑडियो, कैमरा व लार्ज अप्लायंसेज बिजनेस को संभाल रहे थे. उनकी पुरानी जिम्मेदारियों को अब रंजीत बाबू संभालेंगे, जिनके पास अमेजन इंडिया के वायरलेस व होम इंटरटेनमेंट बिजनेस की जिम्मेदारी थी.

पहले से मौजूद हैं ये दिग्गज - भारतीय बाजार में हाल-फिलहाल में क्विक कॉमर्स का दखल तेजी से बढ़ा है. इंस्टैंट डिलीवरी और सेम डे डिलीवरी जैसे कॉन्सेप्ट भारतीय ग्राहकों को खूब पसंद आ रहे हैं. इस सेगमेंट में इंस्टामार्ट के जरिए स्विगी और ब्लिंकिट के जरिए जोमैटो जैसी पारंपरिक फूड डिलीवरी कंपनियां पहले ही उतर चुकी हैं. जेप्टो और बि बास्केट भी क्विक कॉमर्स में काम कर रही हैं. अमेजन की प्रतिस्पर्धी ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने हाल ही में मिनट्स की शुरुआत कर क्विक कॉमर्स सेगमेंट में एंट्री ली है. अब अगले कुछ महीनों में अमेजन भी इसमें उतरने जा रही है.

## अमिताभ बच्चन की फैमिली ऑफिस ने खरीदी स्विगी में हिस्सेदारी, डील की रकम का खुलासा नहीं

**भारत में क्विक कॉमर्स का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है. स्टॉक मार्केट पर जोमैटो की सफलता के बाद स्विगी आईपीओ से पहले स्टेक खरीदकर इस सफलता को भूनाने की तैयारी हो रही है.**



नई दिल्ली, एजेंसी | बालीवुड के शहंशाह बिग बी अमिताभ बच्चन की फैमिली ऑफिस ने क्विक कॉमर्स दिग्गज स्विगी में हिस्सेदारी खरीदा है. स्विगी का आईपीओ लॉन्च करने की तैयारी हो रही है उससे पहले बिग बी के फैमिली ऑफिस का स्विगी में स्टेक खरीदना बेहद महत्वपूर्ण है. हालांकि ये डील कितनें में हुई है इसका खुलासा नहीं किया गया है.

इकोनॉमिक टाइम्स के हवाले से ये रिपोर्ट सामने आई है. स्विगी ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनी है साथ ही कंपनी 10 मिनट के भीतर स्विगी इंस्टामार्ट के नाम से ग्रॉसरी डिलिवरी का भी काम करती है. हाल के दिनों में क्विक कॉमर्स इंडस्ट्री में निवेशकों की रूचि लगातार बढ़ती जा रही है. स्विगी के अलावा ऑनलाइन ग्रॉसरी के क्षेत्र में जोमैटो और जेप्टो भी शामिल है. स्विगी और जोमैटो दोनों ही एक दूसरी की प्रतिद्वंदी कंपनी ऑनलाइन फूड डिलिवरी के क्षेत्र में भी मौजूद है.

जोमैटो पहले से ही स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनी है. जबकि स्विगी आईपीओ लाकर स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग की तैयारी में है.

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)